## अभ्यास Exercise

### शब्द-अर्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| दीप | - दीया | उजियारे | - रोशन |
| त्योहार | - उत्सव, पर्व | बाज़ार | - मंडी |
| दिवस | - दिन | बंदनवार | - तोरण |
| सुहाना | - लुभावना | महकते | - खुशबू फैलाते |

**1. प्रश्नों के उत्तर दें—**

(i) इस कविता में किस त्योहार का वर्णन किया गया है?

····इस कविता में दीपावली त्योहार का वर्णन किया गया है।····

(ii) उन दो त्योहारों के नाम लिखें जो आपके घर मनाए जाते हैं—

····छात्र स्वयं लिखें।····

(iii) दीवाली क्यों मनाई जाती है?

····दीवाली के दिन ही भगवान श्रीराम चौदह वर्षों का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटे थे। उनके लौटने की खुशी में अयोध्यावासियों ने पूरे नगर को दीपों से सजाया और हर्षोल्लास मनाया। उसी दिन से दीवाली मनाई जाती है।····

(iv) हम दीवाली पर किसकी पूजा करते हैं?

····हम दीवाली पर लक्ष्मी-गणेश की पूजा करते हैं।····

(v) दीवाली पर बच्चे कब फुदकते हैं?

····दीवाली पर बच्चे फुलझड़ियों की छटा देखकर फुदकते हैं।····

**2. पंक्तियाँ पूरी करें—**

फिर से दिवस ····सुहाना आया····
····लहरों जैसा···· मन लहराया
उजियारे की ····धूमधाम से····
····मन भी फूला···· नहीं समाया।

····सजे हुए···· बाज़ार चहकते
घर-घर ····बंदनवार महकते।····
····फुलझड़ियों की···· छटा देखकर,
बच्चे चारों ····ओर फुदकते।····

**3. 'हाँ' या 'नहीं' में उत्तर दें—**

(i) कविता में होली का त्योहार मनाने के लिए कहा गया है। ····नहीं····

(ii) उजियारा देखकर मन आनंदित हो रहा है। ····हाँ····

(iii) थाल दीप से सज गए हैं। ····हाँ····

(iv) फुलझड़ियों को देखकर बच्चे डरने लगते हैं। ····नहीं····



Scanned with CamScanner

4. **समान अर्थवाले शब्द चुनकर लिखें—**

त्योहार, दिन, खूबसूरत, प्रकाश, वार, पर्व, रोशनी, चारु

दिवस — ....दिन.... ....वार....

उजाला — ....प्रकाश.... ....रोशनी....

उत्सव — ....त्योहार.... ....पर्व....

सुंदर — ....खूबसूरत.... ....चारु....

5. **वचन बदलें—**

बच्चे — ....बच्चा....

लहर — ....लहरें....

फूलझड़ी — ....फुलझड़ियाँ....

थालें — ....थाल....

6. **आपने दीवाली कैसे मनाई, पाँच-छह वाक्यों में लिखें—** छात्र स्वयं करें।

7. **अंग्रेज़ी शब्द को हिंदी से मिलाएँ—**

| | |
|---|---|
| festival | बंदनवार |
| market | दीप |
| earthen lamp | त्योहार |
| festoon | बाज़ार |

**श्रुतलेख—** शिक्षक/शिक्षिका स्वयं करवाएँ।

Scanned with CamScanner